सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 244 | इंदौर, शुक्रवार 15 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## श्योपुर में 8वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्न हुए लीक

### परीक्षा शुरू होने के 2 घंटे पहले ही सोशल मीडिया पर आ गए पेपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर।** पांचवी और आठवी क्लास की बोर्ड परीक्षाओं में नकल कराए जाने के वीडियो बार-बार सामने आते रहते है। जिसके बाद गुरुवार को परीक्षाएं शुरू होने से 2 घंटे पहले 8वीं बोर्ड परीक्षा के सोशल सांइस का प्रश्न पत्र लीक हुआ हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं। मामला सामने आने के बाद जिम्मेदार सफाई दे रहे हैं और मामले को दिखवाने की बात भी कह रहे हैं। बता दें कि, गुरुवार को सुबह 9 बजे से 8वी बोर्ड परीक्षा का सोशल साइंस विषय का पेपर शुरू होना है लेकिन, परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले ही इस पेपर के प्रश्न सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, एक कागज पर किसी के द्वारा इस पेपर के 17 प्रश्नों को लिखा है, साथ ही उसके नीचे प्रश्नों के उत्तर इस विषय की गाइड में किस पेज नंबर पर हैं यह भी उत्तर में लिखा गया है।

वायरल प्रश्न सही हैं या गलत यह जांच का विषय है लेकिन, प्रश्न लीक होने का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर से श्योपुर जिले में हो रही 5वी और 8वी बोर्ड परीक्षाओं के लिए किए गए इंतजामों पर सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि, इन्हीं बोर्ड परीक्षाओं में नकल होने के वीडियो भी दो बार वायरल हो चुके हैं।

### इनका क्या कहना है

इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी एसएस तोमर का कहना है कि, हां आज 8वी बोर्ड परीक्षा है सोशल साइंस का पेपर है जो 9 बजे से शुरू होगा, पेपर भिजवाना और उसकी व्यवस्थाएं हमारी नहीं है यह काम डीपीसी का है, आप डीपीसी से बात करिए वही इस बारे में जानकारी दे पाएंगे।

## पूर्व सीएमओ को मिला धमकी भरा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम नगरपालिका के पूर्व सीएमओ और वर्तमान नगरीय प्रशासन विभाग के सहायक संचालक नवनीत पांडे को धमकी भरा पत्र मिला। साधारण डाक के माध्यम से सीएमओ बंगले पर नवनीत पांडे के नाम पत्र आया। जिसमें राहुल बाथरे के नाम के युवक द्वारा लिखा गया है। पत्र में पूर्व सीएमओ पांडे का पिछले महीने पार्षद पति जयकुमार चौकसे से हुए विवाद मामले में समझौता करने का उल्लेख किया है। समझौता नहीं करने की स्थिति में डंपर से नुकसान पहुंचाने की खुलेआम धमकी दी गई है। पत्र में मिली धमकी के बाद आज गुरुवार को पूर्व सीएमओ पांडे ने एसपी, एसडीओपी और कोतवाली थाने में लिखित शिकायत की है। पांडे ने पत्र में खुद की जान को खतरा होने की आशंका जताई है।

# एमपी में 37 आईएएस के ट्रांसफर

## बाबू सिंह शहडोल कमिश्नर, सतेंद्र सिंह गुना और सुरेश कुमार पन्ना कलेक्टर बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले शुक्रवार रात तीन बजे 37 आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। तबादला आदेश में शहडोल, सिंगरौली, पन्ना और गुना के कलेक्टर बदले गए हैं। इसके साथ ही शहडोल में नए कमिश्नर के रूप में बाबू सिंह जामोद की पदस्थापना की गई है।**

शासन द्वारा जारी आदेश में गुना कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की जगह सतेंद्र सिंह को नया कलेक्टर बनाया गया है। इसके अलावा सुरेश कुमार को पन्ना, तरुण भटनागर को शहडोल, चंद्रशेखर शुक्ला को सिंगरौली कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया गया है।




### गुना बस हादसे के बाद कलेक्टर बनाए गए थे बैंस

अमनबीर सिंह बैंस को दो माह पहले हुए बस हादसे के बाद गुना कलेक्टर पदस्थ किया गया था। पन्ना और सिंगरौली के कलेक्टर की पदस्थापना विधानसभा चुनाव के पहले की गई थी। सरकार ने इन दोनों जिलों के कलेक्टरों को भी बदल दिया है। शहडोल कलेक्टर वंदना वैद्य का 3 साल का कार्यकाल सितंबर में पूरा होने वाला था, उन्हें भी सरकार ने हटा दिया है।

### सिंधिया की नाराजगी के बाद हटाए गए गुना कलेक्टर

अमनबीर सिंह बैंस को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की नाराजगी के बाद हटाया गया है। पिछले दिनों गुना में जन आभार यात्रा के दौरान सिंधिया मंच से ही कलेक्टर और एसपी पर भडक गए थे। जब सिंधिया संबोधित कर रहे थे तब कलेक्टर और एसपी मंच पर नहीं थे। सिंधिया ने कहा था-इधर मंच पर रहो, नीचे नहीं जाने का.. एसपी कहां हैं? बुलाओ एसपी को.. मंच पर खड़े रहो दोनों...।

### पूर्व गृह मंत्री के दामाद को लूप लाइन में भेजा

पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के दामाद और कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक श्रीमन शुक्ला को लूप लाइन में भेजा गया है। उनको योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद लूप लाइन में डाले गए आईएएस विवेक पोरवाल की मेन स्ट्रीम में वापसी हुई है। उनको लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। इसी के साथ खाद्य सुरक्षा आयुक्त भी नियुक्त किया गया है।

### सतना, इंदौर और भोपाल के निगम आयुक्त भी बदले

राज्य शासन ने सतना नगर निगम आयुक्त के पद पर शेर सिंह मीना, इंदौर नगर निगम आयुक्त पद पर शिवम वर्मा और भोपाल नगर निगम आयुक्त के पद पर हरेंद्र नारायण की पदस्थापना की है। इसके अलावा लोक शिक्षण आयुक्त के पद पर शिल्पा गुप्ता को पदस्थ किया गया है। अनुभा श्रीवास्तव प्रमुख राजस्व आयुक्त बनाई गई हैं।

# प्रदेश में 16 मार्च से फिर बदलेगा मौसम

## भोपाल-ग्वालियर में बूंदाबांदी-बादल का अनुमान; इससे पहले तेज गर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले दो दिन तेज गर्मी रहेगी। कई शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 35 डिग्री सेल्सियस के पार ही रहेगा। इसके बाद पश्चिमी हिस्से यानी, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, शहडोल, नर्मदापुरम संभाग में कहीं-कहीं बादल छाएंगे, तो हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे पहले, बुधवार को प्रदेश के 5 शहर-रतलाम, दमोह, नरसिंहपुर, मंडला और सिवनी में दिन का तापमान 36 डिग्री या इससे अधिक रहा।



सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि ईस्ट एमपी में सिस्टम की एक्टिविटी दिखाई दे रही है। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है, तो बादल भी छाएंगे। इससे पहले गर्मी का असर बढ़ा हुआ रहेगा।

### सिस्टम गुजरने के बाद फिर तेज गर्मी

सिस्टम की एक्टिविटी दो दिन तक रहने का अनुमान है। इसके बाद प्रदेश में फिर से तेज गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मार्च के आखिरी सप्ताह में गर्मी का असर और बढ़ेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के शहरों का 10 साल का रिकॉर्ड देखें, तो आखिरी दिन में यहां तेज गर्मी का ट्रेंड है। इस बार पहले पखवाड़े में ही गर्मी ने तेवर दिखाए हैं। अनुमान है कि 26 से 31 मार्च के बीच ज्यादातर शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

### भोपाल में 16-17 मार्च को बादल का अनुमान

भोपाल में पिछले कुछ दिन से गर्मी का असर बढ़ा है। रविवार को तापमान 34.5 डिग्री, सोमवार को 33.3 डिग्री और मंगलवार को 35.3 डिग्री रहा था। बुधवार को तापमान में हल्की गिरावट हुई। यह 34.6 डिग्री पर पहुंच गया। दो दिन तक पारा स्थिर रह सकता है। 16 और 17 मार्च को बादल भी छा सकते हैं।

# अब निगम के ठेकेदारों ने बनाया अपना संगठन

**11000 वार्षिक शुल्क के साथ बना रहे हैं पंजीकृत संस्था में सदस्य**

### निगम के खराब आर्थिक स्थिति ने कर दिया ठेकेदारों को लामबंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के ठेकेदारों ने आखिरकार अपना संगठन बना लिया है । इस संगठन में 11000 रुपए वार्षिक शुल्क के साथ सदस्य बनाए जा रहे हैं निगम की खराब आर्थिक स्थिति ने इन ठेकेदारों को लामबंद कर दिया है । अब पंजीकृत संगठन बन जाने के बाद अपने अधिकार के लिए यह लोग संघर्ष कर सकेंगे ।**

नगर निगम की आर्थिक हालत इतनी ज्यादा खराब है कि वह अपने अधिकारियों कर्मचारियों को हर महीने सही समय पर वेतन भी नहीं बांट पा रहा है । हर महीने बैंक से ओवरड्राफ्ट लेकर जैसे तैसे वेतन बांटने का काम किया जाता है । ठेकेदारों को उनके द्वारा किए गए काम का पैसा देने की स्थिति में तो नगर निगम आ ही नहीं पा रहा है । पहले तो फिर भी ठेकेदारों को मौके ब मौके पर उनकी बकाया राशि में से 10% या 20% राशि का भुगतान कर दिया जाता था लेकिन अब तो 5% राशि का भी भुगतान नहीं हो पाता है । ठेकेदारों के द्वारा अपने अधिकार के बकाया पैसे को प्राप्त करने के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है । इसके बावजूद उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा है ।

### सभी ठेकेदारों को एकजुट करने की कोशिश

ऐसी स्थिति में ठेकेदारों के द्वारा आईएमसी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के नाम से संगठन बनाकर उसका पंजीयन कर लिया गया है । अब इस पंजीकृत संगठन का सदस्य ठेकेदारों को बनाने का काम किया जा रहा है । ठेकेदारों से सदस्यता शुल्क के रूप में 11000 रु वार्षिक लिए जा रहे हैं । ठेकेदारों को लामबंद करने में मुख्य भूमिका निभा रहे ठेकेदार अनिल तोतला के द्वारा सभी ठेकेदारों को एकजुट करने की दिशा में कोशिश की जा रही है । निगम के ठेकेदार भी इस संगठन से जुड़ने में इसलिए उत्साहित है कि जब एकता होगी, तभी आंदोलन का शंख बजा कर निगम से अपने अधिकार के पैसे वसूल कर सकेंगे ।

### सालों बाद हो रहा है ऐसा ......

कई सालों के लंबे अंतराल के बाद निगम के ठेकेदारों के द्वारा अपने संगठन को पुनर्जीवित करते हुए खड़ा किया जा रहा है । अभी तक तो यह संगठन अपंजीकृत संगठन के रूप में था । ऐसे में इस संगठन की आवाज को कोई भी गंभीरता से नहीं लेता था । इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही ठेकेदारों के द्वारा अपने संगठन का पंजीयन भी करवा लिया गया है ।

### अब निगम से मांगेंगे कमरा

इस ठेकेदार संगठन के द्वारा अब नगर निगम से अपने संगठन के कार्यालय के लिए कमरे की मांग की जाएगी । यह संगठन निगम के मुख्यालय में ही निगम प्रशासन से एक कक्ष प्राप्त कर वहां से अपनी गतिविधि के संचालन का कार्य शुरू करेगा ।

## उपभोक्ताओं को किया जाएगा जागरूक

**इंदौर।** नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने हेतु प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 15 मार्च 2024 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर आइडिलीक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गेंदालाल बम परिसर राऊ पीथमपुर रोड अपोजिट आई.आई.एम. इंदौर (रन बाय आइकॉन एजुकेशन सोसायटी) में प्रातः 11.00 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक 01 की सदस्य सुश्री निधि बारंगे और अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## इंदौर के कृषक गुजरात जाकर सीखेंगे बागवानी के नए गुर

**53 कृषकों का दल 5 दिवसीय भ्रमण सह प्रशिक्षण के लिए हुआ रवाना**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (टकऊल) योजना वर्ष 2023-24 में मानव संसाधन विकास (लृफऊ) घटक अंतर्गत 5 दिवसीय कृषकों का राज्य के बाहर प्रभावन (ीत्स्ङ्क२४री) दौरा कार्यक्रम आज से 17 मार्च 2024 तक किया जा रहा है। जिसके तहत आज जिले के कुल 53 कृषकों के दल को विधायक श्री मधु वर्मा एवं उप संचालक उद्यान श्री डी.एस.चौहान द्वारा हरी झण्डी दिखाकर गुजरात राज्य में प्रशिक्षण सह भ्रमण हेतु रवाना किया गया। उप संचालक उद्यान श्री चौहान ने बताया कि जिले के कृषकों को गुजरात राज्य के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान वेजलपुर (गोधरा), औषधीय एवं सुगंधीय पादप अनुसंधान निदेशालय आणन्द एवं औषधीय फसलों की आधुनिक खेती की जानकारी, अमूल डेयरी का भ्रमण एवं प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्र पर भ्रमण कर उद्यानिकी फसलों की जानकारी, आनन्द कृषि विश्वविद्यालय आदि स्थानों में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कराया जाएगा।

# देवास नाका से बाईपास तक बनेगी 46 करोड़ की सड़क

**पिछले साल इसी सड़क का टेंडर प्राधिकरण ने किया था निरस्त**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा देवास नाका से लेकर बाईपास तक 46 करोड रुपए की लागत से सड़क का निर्माण किया जाएगा। मास्टर प्लान की यह सड़क 60 मीटर चौड़ी होगी इस सड़क के निर्माण का टेंडर पिछले साल प्राधिकरण के द्वारा निरस्त किया गया था। अब नए सिरे से इसी सड़क को बनाने के लिए टेंडर बुलाई जा रहे हैं।**

मास्टर प्लान में जिन सड़कों का प्रावधान किया गया है उन सड़कों का निर्माण अभी भी अधर में लटका हुआ है। वर्ष 2008 में लागू किया गया मास्टर प्लान 2021 में समाप्त हो गया है। इसके बावजूद इस मास्टर प्लान में प्रावधान की गई सड़क अभी तक नहीं बन सकी है। इन सड़कों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए कुछ सड़कों के निर्माण की जिम्मेदारी इंदौर नगर निगम को सौंप गई है जबकि कुछ सड़कों का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा किया जाना निश्चित किया गया था।

### जो सड़के निगम को सौंपी गई है वह कागज पर अटकी

बताया गया है की जो सड़के नगर निगम को सौंपी गई है वह तो कागज पर ही अटक गई है क्योंकि निगम के पास तो वेतन बांटने के लिए भी पैसे नहीं है। तो ऐसे में वह मास्टर प्लान की करोड़ों रुपए के लागत की सड़क का निर्माण तो कर ही नहीं सकता है। जो सड़के प्राधिकरण के जिम्में की गई है उनमें जरूर निर्माण की दिशा में कवायत शुरू हो गई है।

### महाकाल लोक बनने से इंदौर - उज्जैन का टैफिक बढा

अभी एमआर-10 पर ही यातायात का पूरा दबाव है। सुपर कॉरिडोर के साथ-साथ इंदौर-उज्जैन रोड पर जो अभी यातायात बीते सालभर से महाकाल लोक के कारण बढ़ा है। उसका भी सर्वाधिक दबाव एमआर-10 पर ही आता है, जिसके चलते एमआर-11 के निर्माण पर जोर दिया जाता रहा है। यह भौंरासला से एबी रोड और वहां से बायपास, होटल शेरेटन के सामने तक निर्मित किया जाना है। आधे हिस्से में तो प्राधिकरण की टीपीएस योजना है, जिसके लिए उसने सीमेंट कांक्रीट की रोड के अलावा रेलवे लाइन पर फ्लायओवर का प्रावधान भी किया हुआ है।

### नए सिरे से टेंडर जारी किया गया

प्राधिकरण ने पिछले साल एमआर-11 के एक बड़े हिस्से यानी एबी रोड से बायपास तक के लिए लगभग 74 करोड़ रुपए के टेंडर को मंजूरी दी थी। इस सड़क का निर्माण शासन के द्वारा दिए जाने वाले पैसे से किया जाना था। उस समय शासन की ओर से पैसा देने का वादा तो किया गया था लेकिन पैसा नहीं दिया गया। इसके परिणाम स्वरुप प्राधिकरण के द्वारा इस टेंडर को निरस्त कर दिया गया था। अब 60 मीटर चौड़ाई की यह सड़क देवास नाका याने की ए बी रोड से लेकर बाइपास तक बनाने के लिए एक बार फिर नए सिरे से टेंडर जारी किया गया है। इस बार प्राधिकरण के द्वारा इस सड़क के निर्माण की लागत 46 करोड़ रुपए आंकी गई है।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# इंदौर में जल्दी ही शुरू होगा चार फ्लाय ओवर का काम

**कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर बनने वाले चार फ्लाय ओवर का निर्माण जल्द शुरू होगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने आज फ्लाय ओवर का काम शुरू करने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।**



बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह, अपर कलेक्टर और आईडीए सीईओ गौरव बेनल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर में स्वीकृत सत्यसाई चौराहा, देवास नाका चौराहा, क्रिस्टल आईटी पार्क चौराहा तथा मुसाखेड़ी चौराहा पर फ्लाय ओवर बनाने का कार्य दो से तीन दिन में शीघ्र प्रारंभ कर दिया जायेगा। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि स्वीकृत सभी फ्लाय ओवर का निर्माण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में किया जाए।

निर्माण में आ रही छोटी-छोटी बाधाओं को शीघ्र दूर कर करने को कहा। सत्यसाई चौराहा के फ्लाय ओवर निर्माण के बीच आ रहे वृक्षों को नियमानुसार हटाने की कार्यवाई भी की जायेगी। बैठक में बताया गया कि सत्यसाई चौराहा पर 62 करोड़ 44 लाख रुपए, देवास नाका चौराहा पर 74.48 करोड़ रुपए, क्रिस्टल आईटी पार्क चौराहा पर 63.32 लाख रुपए तथा मुसाखेड़ी चौराहा पर 67 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाय ओवर का निर्माण किया जायेगा।

बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने शहर की जरूरत के हिसाब से विजय नगर और रेडिसन चौराहा पर भी फ्लाय ओवर की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर फ्लाय ओवर का निर्माण होता है, तो ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक बेहतर हो जायेगी। उन्होंने इन जगहों पर फ्लाय ओवर निर्माण के लिये प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिये।

# इंदौर के विकास के बड़े प्रोजेक्ट पर आज भोपाल में होगी महत्वपूर्ण बैठक

## बैठक में नगर निगम, आईडीए और पीडब्ल्यूडी के अफसरों को बुलाया

→बैठक प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा ली जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के विकास के बड़े प्रोजेक्ट पर चर्चा कर फैसला लेने के लिए कल भोपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में इंदौर नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है।**

वैसे तो यह बैठक आज इंदौर में ही आयोजित की जाने वाली थी लेकिन कल शाम को बैठक के शेड्यूल को परिवर्तित कर दिया गया। अब जो नया शेड्यूल सामने आया है उसके अनुसार यह बैठक आज इंदौर में नहीं होगी। इस बैठक को कल शुक्रवार को भोपाल में बुलाया गया है। इस बैठक में भाग लेने के लिए इंदौर नगर निगम की आयुक्त हर्षिका सिंह , इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरव बेनल और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भोपाल बुलाया गया है। इस बैठक में चर्चा के लिए जो मुख्य बिंदु रखे गए हैं उसकी जानकारी भी अधिकारियों को पहले से ही दे दी गई है ताकि वह उन बिंदुओं पर तैयारी करके आ सकें।

### बायपास पर सर्विस रोड निगम बनाएंगा

सूत्र के अनुसार नगर निगम से जुड़े मामलों में इंदौर बाईपास के कंट्रोल एरिया में जो फोर लाइन का सर्विस रोड बनाया जाना है उसके मुद्दे को रखा गया है। यह निर्माण नगर निगम को ही करना है। निगम के द्वारा इस निर्माण के लिए पहल की गई थी लेकिन काम अभी तक आकार लेता हुआ नजर नहीं आ रहा है। इसके साथ ही निगम से जुड़े टीडीआर पॉलिसी के मामले को भी इस बैठक के कार्य सूची में रखा गया है।

### नए स्टेडियम के निर्माण के लिए जमीन

इसके अतिरिक्त इंदौर विकास प्राधिकरण से जुड़े नए स्टेडियम के निर्माण के लिए जमीन के आरक्षण का मामला और शहर में यातायात की सुविधा के लिए फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण के मामले को रखा गया है। लोक निर्माण विभाग के लिए ए बी रोड पर बनने वाले एलिवेटेड ब्रिज और शहर में बनने वाले नए बाईपास के मामले को रखा गया है। यह बैठक प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा ली जाएगी। इस बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग और लोक निर्माण विभाग इन दोनों ही विभाग के प्रमुख सचिव भी मौजूद रहेंगे।

# एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में 25 व्यक्तियों के लिये ही रहेगी अनुमति

## सुरक्षा को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एयरपोर्ट में सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नए आदेश के मुताबिक वीआईपी के आगमन के समय एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज में अधिकतम 25 व्यक्तियों के लिए ही अनुमति दी जायेगी। इसके अलावा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश नहीं रहेगा।**

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह, अपर कलेक्टर सपना लोवंशी, एयरपोर्ट डायरेक्टर सी.वी. रविन्द्रन, सीईआईएसएफ के मनिन्दर सिंह सहित पुलिस और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि एयरपोर्ट पर निर्धारित प्रोटोकॉल और नियमानुसार सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किये जा रहे है। सुरक्षा आडिट की अनुशंसा अनुसार अतिमहत्वपूर्ण एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन के समय एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है। इसके अनुसार वीआईपी लाउंज में अधिकतम 25 व्यक्तियों के लिये ही अनुमति दी जायेगी। अन्य अनाधिकृत व्यक्तियों का इसमें प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# इंदौर में होली-रंगपंचमी पर तेज गर्मी के आसार मार्च में बदला-बदला सा है मौसम का ट्रेंड, दिन-रात के तापमान में गिरावट बरकरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में इस साल मौसम के लिहाज से मार्च का दूसरा हफ्ता पिछले साल की तुलना में ठंडा रहा। महीने के पहले ही दिन पारा 35 डिग्री (+4) तक चढ़ा था। इससे अनुमान था कि मार्च के शुरुआत में ही गर्मी तेवर दिखाएगी, लेकिन इसके बाद लगातार तापमान में गिरावट आई। यही स्थिति रात के तापमान की रही। इस बार दूसरे हफ्ते में दिन का तापमान पिछले साल की तुलना में 1 डिग्री और रात का तापमान 2 डिग्री कम रहा। इस बार धुलेंडी 25 मार्च और रंग पंचमी 30 मार्च को है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला के मुताबिक अभी प्रदेश के उत्तरी-दक्षिण हिस्से में एक सर्कुलेशन है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के पास एक ट्रफ लाइन और सर्कुलेशन है। इसका इंदौर और उसके आसपास के हिस्सों में खास असर नहीं है। तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव रहेगा। बीते सालों में मार्च के आखिरी हफ्ते में शहर में तेज गर्मी का ट्रेंड रहा है। इस बार भी आखिरी हफ्ते में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहेगा। ऐसे में धुलेंडी और रंगपंचमी पर तेज गर्मी के आसार हैं। पहले हफ्ते में तो 3 मार्च को तो रात का तापमान 9 (-6) डिग्री रहा। यह कोल्ड डे था। फिर दूसरे हफ्ते में दिन का तापमान 32 से 34 डिग्री और रात का तापमान 14 से 17 डिग्री तक रहा। पिछले साल 9 मार्च को धुलेंडी थी।

# फूटी कोठी पर अब होगा पुरातत्व विभाग का मालिकी हक, 40 साल पहले बिक गई थी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** होलकर शासनकाल में बनी फूटी कोठी अब पुरातत्व विभाग का मालिकी हक होगा। जल्दी ही इसका नोटिफिकेशन होगा। 40 साल पहले होलकर परिवार के एक ट्रस्ट ने इसे बेच दिया था। तब कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता की इस सौदे में बड़ी भूमिका सामने आई थी, लेकिन प्रशासन तीन साल से फिर इस जमीन को पाने में जुटा हुआ था। राजवाड़ा की कला विथिका का शुभारंभ करने आई पूर्व मंत्री व महू विधायक उषा ठाकुर ने अफसरों को बताया कि जल्दी ही फूटी कोठी का प्रदेश सरकार के राजपत्र में प्रकाशन हो जाएगा। वह पुरातत्व विभाग की संपत्ति होगी। वहां के लिए योजना बनाकर तैयार रखे। पुरातत्व विभाग के संयुक्त संचालक प्रकाश पराजंपे का कहना है कि पहले फूटी कोठी को लेकर प्रारुप का प्रकाशन किया गया था। तब दावे-आपत्तियों को आंमत्रित किया गया था। उनके निराकरण के बाद गजट नोटिफिकेशन होगा। फूटी कोठी परिसर में फिहहाल पुखराज पैलेस मैरिज गार्डन संचालित हो रहा है। मैरेज गार्डन प्रबंधन का इस बारे में कहना है कि हमें फिलहाल इस मामले में कोई जानकारी नहीं है।

### अंग्रेजों ने रुकवा दिया था निर्माण

फूटी कोठी का निर्माण वर्ष 1886 में होलकरशासन काल में शुरू कराया गया था। महाराजा तुकोजीराव चाहते थे कि इस फूटी कोठी से अंग्रेजों की महू सैन्य छावनी पर नजर रखी जा सके और आवश्यकता होने पर यहां से हमला भी किया जा सके। इसकी भनक अंग्रेजों को लगी तो उन्होंने निर्माण रुकवा दिया। दो मंजिला इमारत में खुली छत और अधूरी सीढ़िया इस फूटी कोठी की पहचान है। लंबे समय तक विरान होने के कारण क्षेत्र के लोग इसे भूतिया कोठी भी कहने लगे थे। लोगों का डर दूर करने के लिए फूटी कोठी में मंदिर भी बनवाए गए। बीते दस वर्षो से इसका उपयोग मैरिज गार्डन के रुप में होने लगा था। इसे बनवाने के लिए इंग्लैड से राज मिस्त्री आए थे, लेकिन वे अपना काम पूरा नहीं कर सके।

### व्यावसायिक उपयोग हो रहा था

**फूटी कोठी शहर की पुरातत्व धरोहर है। उसे कई पहले देखने जाते थे, लेकिन उसे निजी हाथों में बेच दिया गया था। उसका व्यावसायिक उपयोग होने लगा था,लेकिन अब वह पुरातत्व विभाग की संपत्ति होगा। पिछली सरकार में जब मैं विभाग की मंत्री थी। तब इसके लिए सारी कवायद हो चुकी है।**

**- उषा ठाकुर, महू विधायक**

# इंदौर में पेट्रोल 106 रु. और डीजल 91 रु. लीटर

**इंदौर।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल के रेट 2 रु. सस्ता कर दिया गया। इंदौर में भी ये रेट शुक्रवार सुबह 6 बजे से लागू हो गए। इससे लोगों को राहत मिली है। कई लोग तो ऐसे थे जिन्हें पम्प पर जाने के बाद पता चला कि पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। इंदौर में पहले पेट्रोल 108.65 रु. लीटर था। नए रेट लागू होने के बाद अब यह 106.47 रु. लीटर हो गया है। ऐसे ही डीजल पहले 93.93 रु. लीटर था जो अब 91.86 रु. लीटर हो गया है। इंदौर पेट्रोल-डीजल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह वासु ने बताया कि आदेश के तहत शुक्रवार सुबह 6 बजे नए रेट लागू कर दिए गए हैं।




# वर घोड़ी पर और वधु सुसज्जित बग्घियों में आई

## सकल पंच मारू प्रजापति समाज का 21वां सामूहिक सम्मेलन आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सकल पंच मारू प्रजापति समाज का 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन दलाल बाग में आयोजित हुआ। सम्मेलन अध्यक्ष प्रेम कुमार मंगरोला और ट्रस्टी राजू प्रजापत ने बताया कि, सम्मेलन के प्रथम कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई स्टेच्यू से सुंदर वर घोड़ी पर और वधु सुसज्जित बग्घियों में सवार होकर सम्मेलन में आई । सम्मेलन का आगाज कैलाश चैनाजी भेरूनदिया परिवार ने कुलदेवी मां श्री यादे की आरती से आरंभ किया।**



वर-वधू की वरमाला का स्टेज कार्यक्रम हुआ। आचार्य, महाराज एवम अतिथी के सान्निध्य में लग्न मंडप में चवरी फेरे लिए गए, जिसे समाज की महिला मंडल ने रीति-रिवाजों से पूर्ण कराया गया। समाज की वरिष्ठ पंच समिति ने युगल जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। सम्मेलन में पधारे सभी समाजबंधुओं की भव्य उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में तन-मन- धन से सहयोग देते हुए सफल बनाया गया। सम्मेलन के इतिहास में कन्याओं को कन्यादान दिया गया। जिसमें हजारों की संख्या मे समाजजन एकत्रित हुए। 1 हजार से अधिक व्यक्ति की क्षमता के पांडाल में भोजन प्रसादी परम्परागत तरीके से परोसी गयी।स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया।

सम्मेलन में पंच समिति अध्यक्ष प्रेम गेदर, बंसीलाल बोरावड़, ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र घटेरवाल,मुकेश सडलीवाल,ओम दुरान,प्रकेश जिनोदिया ,संदीप नंदिवाल,खेमराज सुवटा,छगन बोरावड़,सुनील कपूरपुरा, रूपेश बोबरिया,मुकेश सुवटा, दिलीप बोडावड पूर्व ट्रस्टी अध्यक्ष सुनील जाजपुरिया, गिरधारी लाल कारवाल, भूपेन गोरिल्ला भूपेंद्र घोड़ेला, नरेंद्र सुटा, महेश सूटा, राजेंद्र बोडावड , निलेश लडूंगा,रवि घटेरवाल, रोहित सियोटा ,राधेश्याम साल्डीवाल, कैलाशचंद्र सियोटा,रामचंद्र पड़ियार,मनोज खटोड़,उत्तम सियोटा,सुरेश मानधनिया, सत्यनारायण सियोटा, प्रहलाद सियोटा,महेंद्र धुमानिया,दिनेश जिनोदिया, कमल बोरावड़ ,विमल साल्डीवाल ,गोपाल घोड़ेला,आशीष गेंदर , दीपक ऊंटवाल,श्याम घोड़ेला,मनोज कपूरपुरा,,कमल सुवटा, मुकेश कपूरपूरा,दीपक रातिवाल,महादेव सियोटा,भेरूलाल सुवटा,रमेश बोबरिया,सुनील जजपुरिया,चंदन जलान्द्रा,भूपेंद्र घोड़ेला ,गणेश जाजपुरिया,विनोद जाजपुरिया, सागर प्रजापत, अखिलेश खटोड़, विक्रम सियोटा महिला मंडल सहित उपस्थित थे।

# खनिज विभाग की टीम पर पथराव, जान बचाकर भागे अफसर

## अवैध खनन रोकने पहुंचा था अमला, गाड़ियों में तोड़फोड़; ग्रामीणों ने किया विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शुजालपुर। शाजापुर में अवैध खनन पर कार्रवाई करने पहुंची खनिज विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। जिससे कुछ गाड़ियों के कांच फूट गए। जिसके बाद अफसरों को जान अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। इसका वीडियो भी सामने आया है। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिसबल भेजा गया है।**



घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की कालापीपल तहसील के मोहम्मदपुर मछनई गांव की है। खनिज विभाग को शिकायत मिली थी कि यहां कंजर समुदाय के लोग पार्वती नदी में रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। जिसके बाद टीम खनिज उत्खनन का ठेका लेने वाली निजी कंपनी के लोगों के साथ यहां पहुंची थी। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया।

### पोकलेन जब्त करने की बात पर बवाल

शाजापुर जिला खनिज अधिकारी आरिफ खान, पुलिस लाइन से अतिरिक्त रिजर्व फोर्स के साथ अवैध उत्खनन की सूचना पर पोकलेन मशीन जब्त करने के लिए मोहम्मदपुर मछनई के पास नदी क्षेत्र में पहुंचे थे। अमले के पहुंचते ही ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ठेकेदार के प्राइवेट गुंडे लेकर अफसर बंद पड़ी पोकलेन मशीन को जबरन जब्त करने आए हैं। इसके बाद उन्होंने पथराव शुरू कर दिया।

### पथराव में एक युवक घायल

ग्रामीणों ने इस घटना के वीडियो भी बनाए। इसमें वे विरोध दर्ज कराते हुए दिख रहे हैं। दोनों ओर से हुई पत्थरबाजी में एक युवक को भी आंख के ऊपर गंभीर चोट आई है। घायल का नाम अभी अफसरों के पास भी नहीं है।

पथराव की सूचना पर शुजालपुर प्रभारी एसडीएम सत्येंद्र कुमार सिंह, एसडीओपी पिंटू कुमार बघेल, काला पीपल पुलिस थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा सहित अमला और अतिरिक्त पुलिस बल भी गांव के लिए भेजा गया है। खनन का ठेका लेने वाली निजी कंपनी के कर्मचारी और खनिज अमला यहां पार्वती नदी में चल रहे अवैध उत्खनन की शिकायत पर कार्रवाई करने पहुंची थी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के ऑफिस में जुआ पकड़ा

## गिरफ्तारी से बचने आरोपी कपड़े उतारकर वॉशरूम में घुसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर/भिंड। ग्वालियर के बिजौली में जेके ग्रुप एंड डेवलपर्स के ऑफिस में जुआ पकड़ा गया है। यह प्रॉपर्टी डीलिंग ऑफिस भिंड में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा और राकेश कुशवाहा का है। ऑफिस के बाहर बोर्ड पर जिलाध्यक्ष का नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज है। पुलिस को कांग्रेस नेता बगल वाले कमरे में बैठे मिले। मौके से 15 लोगों को पकड़ा गया है।**

छापा बुधवार रात 8 बजे डाला गया। पुलिस के अनुसार कुछ आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए वॉशरूम में घुस गए। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो वे कपड़े उतारे हुए मिले। ऐसा उन्होंने कार्रवाई से बचने के लिए किया था। आरक्षकों ने उन सभी को कपड़े पहनवाए और फिर थाने लेकर आए। जांच में सामने आया है कि अधिकतर जुआ खेलने के लिए बाहरी जिलों से यहां आते थे।

5 लग्जरी कारें, 11 टूव्हीलर, कैश मिला बिजौली पुलिस ने सूचना मिलने पर रेड की। पुलिस को देख आरोपी इधर-उधर भागने लगे। पहले से तैयारी से आई पुलिस ने 15 जुआरियों को पकड़ा, जबकि तीन भाग निकले। मौके से 2 लाख 59 हजार 410 रुपए बरामद हुए। 5 लग्जरी कार और 11 टूव्हीलर जब्त की गई हैं। 4 जुए की गड्डी और 18 मोबाइल मिले हैं। थाने की प्रभारी अनु वेनीवाल (ट्रेनी कढर) ने बताया कि




कार्रवाई के समय कांग्रेस नेता बगल के रूम में बैठे मिले। पकड़े गए अधिकतर लोग भिंड के रहने वाले हैं।

### एक खुद को बताता है पत्रकार

पकड़े गए आरोपियों की पहचान ऊदल सिंह, विश्वनाथ श्रीवास (खुद को पत्रकार बताता है), उमेश कुशवाह, राजीव कुमार, शिवसिंह, विनोद जाटव, निहाल सिंह, देवेंद्र, कोमल सिंह, रवि सिंह, दिलीप, राहुल, राजेश कुमार, राधेलाल और रवि कुमार के रूप में हुई है।

### संरक्षण के बदले कितनी मिलती थी रकम

जेके ग्रुप एंड डेवलपर्स ऑफिस में जुआ कब से चल रहा था। पुलिस अब इसका पता लगा रही है। जुआ किन-किन लोगों के संरक्षण में खेला जा रहा था और उन संरक्षणकर्तार्ओं को कितनी मोटी रकम जुआरी देते थे, पुलिस इसका भी पता लगा रही है। जुआरियों के पास से जब्त मोबाइल से डेटा निकाला जा रहा है। जुआरी पहले कितनी बार यहां आ चुके हैं।

# ड्यूटी पर तैनात आरक्षक ने सुसाइड किया

## सरकारी राइफल से गले में गोली मारी
## परिजन बोले- काम के डिप्रेशन में थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया जिले के इंदरगढ़ थाने में पदस्थ आरक्षक विवेक शर्मा ने गोली मारकर सुसाइड कर लिया। उन्होंने सरकारी राइफल से गले में गोली मारी। घटना गुरुवार सुबह 8 बजे की है। आरक्षक थाने के पहरे की ड्यूटी पर थे। शव को अस्पताल ले जाया गया है।



जानकारी के अनुसार आरक्षक विवेक शर्मा (31) सुबह 7 बजे ड्यूटी पर पहुंचे थे। लगभग 8 बजे खुद को गोली मार ली। फायर की आवाज सुन अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और विवेक को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही दतिया एसपी वीरेंद्र मिश्रा सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है।

**ससुर बोले- चौकी से हटाने के बाद से परेशान थे-** विवेक के ससुर शत्रुघ्न शर्मा का कहना है कि वो पहले बस स्टैंड की चौकी पर पदस्थ थे। बाद में थाने में रुटीन ड्यूटी पर थे। फिर रात से उन्हें पहरे की ड्यूटी मिली थी। विवेक नौकरी को लेकर पिछले एक सप्ताह से डिप्रेशन में थे। उनका काम में मन नहीं लग रहा था, इसलिए मैंने उन्हें छुट्टी लेने को भी कहा था। चौकी से हटाए जाने के बाद से वो परेशान थे। एसपी सुनील शिवहरे का कहना है कि आरक्षक की मौत के मामले में कार्रवाई की जा रही है। डॉक्टर पोस्टमॉर्टम कर रहे हैं। पुलिस टीम भी जांच में लगी है। आरक्षक ने किस कारण ये कदम उठाया है, वो डिप्रेशन में थे तो इस एंगल से भी जांच की जाएगी।

# बाघ-पेंगोलिन तस्कर का पॉलिग्राफ टेस्ट

## कोर्ट ने ब्रेन मैपिंग के लिए दी अनुमति
## 23 मार्च तक गुजरात में होगा टेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** बाघ और पेंगोलिन के अंगों की इंटरनेशनल स्तर पर तस्करी के आरोपी का पॉलिग्राफ टेस्ट किया जाएगा। मामला 9 साल पुराना है। तस्कर ताशी शेरपा के पॉलिग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट के लिए नर्मदापुरम की विशेष कोर्ट ने अनुमति दे दी है। 23 मार्च तक गुजरात फॉरेंसिक लैब में उसका टेस्ट होगा। 10 मार्च को स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की टीम उसे गुजरात ले गई है। बता दें कि भारत-नेपाल सीमा के नक्सलबाड़ी के पास दार्जिलिंग से आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। एसटीएफ ने आरोपी की पॉलिग्राफ और ब्रेन मैपिंग की मांग की थी। टेस्ट के बाद आरोपी को वापस नर्मदापुरम के केंद्रीय जेल लाया जाएगा। जुलाई 2015 में बाघ, पेंगोलिन का शिकार और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ था। 36 लोगों को आरोपी बनाया था। इनमें ज्यादातर बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम समेत मप्र के अन्य जिलों के थे। ये ताशी शेरपा की मांग और अन्य आरोपी जेई तमांग के कहने पर शिकार करते थे। एसटीएसएफ के तत्कालीन अधिकारी का कहना था कि ये लोग बाघों की खाल, हड्डियां, चर्बी का तेल, नाखून, बाल और पेंगोलिन के स्केल जेई तमांग को बेचते थे। वह ताशी समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय तस्करों को देता था।



**ताशी शेरपा करता था देश की सीमा पार-** इंटरनेशनल तस्कर ताशी शेरपा घुमक्कड़ है, जो भारत की सीमा पार कर भूटान, नेपाल घूमकर जड़ी-बूटी बेचता है।

# एसटीआर में मंत्री की खिदमत करने वाले रेंजर अब एसडीओ

## पचमढ़ी के प्रतिबंधित कोर एरिया में हुई थी चिकन पार्टी, कार्रवाई नहीं हुई उजागर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** पचमढ़ी में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में प्राइवेट गाड़ी ले जाने और कैबिनेट मंत्री की पार्टी में खिदमत करने वाले रेंजर को प्रभारी एसडीओ बनाया गया है। पश्चिम पचमढ़ी रेंजर सुनील पंद्रे को फील्ड से हटाकर मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल में प्रभारी सहायक वन संरक्षक बनाया गया है। 13 मार्च को वन विभाग उप सचिव अनुराग कुमार ने तबादले के आदेश दिए हैं। बाजना रेंज के वन परिक्षेत्र अधिकारी मनोज कुमार सोलंकी को प्रभारी सहायक वन संरक्षक राज्य जैव विविधता बोर्ड, सुकृति ओसवाल वनक्षेत्रपाल सामाजिक वानिकी बैतूल से प्रभारी उपवनमंडलाधिकारी बुधनी और एसटीआर पश्चिम पचमढ़ी रेंजर सुनील पंद्रे को ईको पर्यटन में प्रभारी सहायक वनसंरक्षक बनाया है। बता दें, तीन महीने पहले दिसंबर में पचमढ़ी में प्रतिबंधित कोर क्षेत्र में रोरीघाट सिद्धबाबा पहाड़ी पर सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और उनके दोस्तों को प्राइवेट गाड़ी से ले गए थे।

New Delhi

# Lottery Kind Santiago Martin: कौन हैं लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन, इलेक्टोरल बॉन्ड से लगा दी राजनीतिक दलों की 'लॉटरी'

**नई दिल्ली।** इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वालों की सूची भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद SBI यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बॉन्ड खरीदने की जानकारी आयोग को दे दी थी। खास बात है कि इस लिस्ट में सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी का नाम Future Gaming and Hotel Services Private Limited है। प्रवर्तन निदेशालय (ED) की जांच की आंच झेल रही कंपनी ने 1 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का दान दिया है। इस कंपनी को सैंटियागो मार्टिन चलाते हैं, जिन्हें 'लॉटरी किंग' के नाम से भी जाना जाता है।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट में मार्टिन के चैरिटेबल ट्रस्ट की वेबसाइट के हवाले से बताया गया है कि उन्होंने म्यांमार के यांगोन में एक मजदूर के तौर पर काम की शुरुआत की थी। इसके बाद साल 1988 में वह भारत लौट आए और दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में लॉटरी का बिजनेस शुरू किया। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक और केरल का रुख किया और फिर पूर्वोत्तर पहुंच गए। पूर्वोत्तर में उन्होंने सरकारी लॉटरी योजनाओं पर काम करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने काम को भारत से बाहर भूटान और नेपाल में भी बढ़ाया। लॉटरी के अलावा सैंटियागो ने कंस्ट्रक्शन, रियल एस्टेट, टेक्सटाइल्स और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में भी विस्तार किया। रिपोर्ट के अनुसार, वेबसाइट पर बताया गया है, 'वह ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ लॉटरी ट्रेड एंड एलायज इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष भी हैं। यह संगठन भारत में लॉटरी के कारोबार को बेहतर बनाने और विश्वसनीयता को बढ़ाने का काम करता है। उनकी अगुवाई में Future Gaming Solutions India Pvt. Ltd. वर्ल्ड लॉटरी एसोसिएशन की सदस्य बन गई।



New Delhi

## दिल्ली में बड़ा एनकाउंटर, 3 करोड़ की डकैती डालने वाले बांग्लादेशी मिराज को मिली गोली

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस ने एक बांग्लादेशी डकैत को दिल्ली में एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कम से कम 5 डकैती केस में वांछित बदमाश मिराज पर 2 लाख रुपए का इनाम था। पकड़ा गया बदमाश पिछले साल करीब 3 करोड़ की हुई डकैती केस का भी मास्टरमाइंड था। शुक्रवार तड़के द्वारका के धुलसिरास गांव में एनकाउंटर में गोली लगने के बाद मिराज क्राइम ब्रान्च के हत्थे चढ़ गया।

मुठभेड़ के दौरान डकैत मिराज उर्फ मेहराज के पैर में गोली लगी है। पिछले साल अशोक विहार में हुई 3 करोड़ की डकैती केस में वह वांछित था। मिराज और उसके गुर्गों ने एक कारोबारी के घर लोगों को बंधकर बनाकर वारदात को अंजम दिया था। इस घटना के बाद से स्पेशल सेल, क्राइम ब्रान्च और नॉर्थवेस्ट दिल्ली की पुलिस की कई टीमें मिराज की तलाश में जुटीं थीं। यह भी माना जा रहा था कि मिराज गिरफ्तारी से बचने के लिए बांग्लादेश भाग चुका है। पुलिस ने उसके सिर पर 2 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

अडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्राइम) संजय भाटिया ने कहा कि गुरुवार रात क्राइम ब्रान्च की पश्चिमी रेंज-II (WR-II) के सदस्यों को जानकारी मिली थी कि फरार मिराज द्वारका के धुलसिरास गांव में अपने गुर्गों के साथ आने वाला है। यह सूचना इंस्पेक्टर अक्षय कुमार को दी गई। सूचना की पुष्टि के बाद उन्होंने टीम बनाकर मिराज को दबोचने में सफलता पाई।

अडिशनल सीपी भाटिया ने बताया, 'रात करीब 2:30 बजे टीम के सदस्यों ने इलाके में जाल बिछा दिया। करीब 15 मिनट बाद उन्होंने आरोपी को उसके सहयोगियों के साथ देखा। पुलिस ने उन्हें सरेंडर करने के लिए कहा।

Uttarpradesh

## सैफई में मेडिकल छात्रा की हत्या कर सड़क किनारे फेंकी लाश, धरने पर बैठे सैकड़ों स्टूडेंट्स, अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा

**इटावा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के सैफई स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली एएनएम की छात्रा का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मच गया. इस मामले में जहां छात्रों ने ट्रामा सेंटर घेरकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया, वहीं अब सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा कि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई छात्रा की मौत अत्यंत गंभीर विषय है. ये है प्रदेश में बीजेपी के समय अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की घोषित नीति के जीरो हो जाने का एक और बेहद दुखद उदाहरण है. अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि इस कथित हत्या की न्यायिक जांच हो, जिससे बीएचयू और सैफई यूनिवर्सिटी जैसी घटनाओं में लिप्त लोगों का सच सामने आ सके और सरकार चाहकर भी उनको ना बचा सके. अखिलेश ने कहा कि बीजेपी सरकार नारी का ना मान बचा पा रही है, ना उसकी जान. बता दें कि मेडिकल छात्रा का शव बीते दिन थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत सोनई पुल के पास से बरामद हुआ था. बताया जा रहा है कि छात्रा का 2023 में मेडिकल यूनिवर्सिटी में एडमिशन हुआ था और यह प्रथम वर्ष की स्टूडेंट थी.

Telangana

## तेलंगाना में 'भेड़ घोटाला', ACB की जांच में कई अफसर गिरफ्तार, KCR की सरकार की स्कीम थी ये

**तेलंगाना, (एजेंसी)** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को दो और सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया. यह गिरफ्तारी राज्य सरकार की भेड़ वितरण योजना में कथित घोटाले की चल रही जांच के सिलसिले में हुई है. एजेंसी के मुताबिक एसीबी की एक रिलीज में कहा गया कि दो आरोपी अधिकारियों, अंजिलप्पा और कृष्णैया को गिरफ्तार कर लिया गया है. ACB के मुताबिक अधिकारियों ने कथित तौर पर निजी व्यक्तियों के साथ मिलीभगत और साजिश रची और अवैध कृत्यों और उल्लंघनों का सहारा लिया. एसीबी ने कथित घोटाले के सिलसिले में इससे पहले भी कुछ सरकारी अधिकारियों को गिरफ्तार किया था. रिपोर्ट के मुताबिक 2021 और 2023 के दौरान, पशुपालन विभाग ने आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले से भेड़ की खरीद की थी, लेकिन भेड़ व्यापारियों को भुगतान नहीं किया गया था. तेलंगाना की बीआरएस सरकार ने साल 2017 में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और चरवाहों के लिए स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भेड़ वितरण योजना शुरू की. पहले चरण के तहत, हर परिवार को 75 फीसदी सब्सिडी पर 1.25 लाख रुपये की यूनिट कॉस्ट वाली 20 भेड़ें दी गई. योजना के क्रियान्वयन पर कुल 4,980.31 करोड़ रुपये का खर्च आया. अन्य राज्यों से लगभग 82.74 लाख भेड़ें खरीदी गईं और प्राथमिक भेड़ प्रजनक सहकारी समितियों (PSBCS) के 3.92 लाख सदस्यों के बीच बांटी गईं.

खेल

# लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, पीवी सिंधू बाहर, यंग के खिलाफ लगातार सातवीं हार



**बर्मिंघम, (एजेंसी)** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन के महिला एकल के दूसरे दौर में कोरिया की ऐन से यंग से सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ संघर्षपूर्ण खेल दिखाया लेकिन उन्हें 42 मिनट में 19-21, 11-21 से पराजय मिली। सिंधू को यंग से लगातार सातवीं बार हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल में डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़े मुकाबले में 24-22, 11-21, 21-14 से हराया और क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

सिंधू ने घुटने की चोट से उबरने के बाद चार महीने बाद वापसी की है जबकि कोरिया की खिलाड़ी ने इस सत्र में मलयेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने 22 साल की खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश की लेकिन यंग ने अपनी रैलियों की गति और स्मैश का शानदार इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन दूसरे गेम में वह लगातार गलती करती रही।

सिंधू शुरुआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किए बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया। भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने 9-6 की बढ़त बनाई। सिंधू इसके बाद शटल को नेट पर खेल गई जिससे यंग की बढ़त 11-8 हो गई। सिंधू ने आक्रामक खेल जारी रखा और उन्हें इसका फायदा भी मिला। वह वापसी कर स्कोर को 16-17 और फिर 19-20 करने में सफल रही। यंग इसके बाद बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल कर शटल को सिंधू के सिर के ऊपर से बैकलाइन के अंदर गिरा कर पहला गेम जीत गई।

यंग ने दूसरे गेम की शुरुआत से दबदबा बनाना शुरू किया। उन्होंने तीन अंक की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की और इसके बाद क्रास कोर्ट स्मैश के साथ स्कोर को 9-4 करने में सफल रही। सिंधू ने इस बीच निराशा में अपना वीडियो रेफरल बर्बाद किया। उनका बैकहैंड और फोरहैंड रिटर्न लगातार नेट से टकरा रहा था। कोरियाई खिलाड़ी ने नौ मैच प्वाइंट हासिल किए और एक शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

सिनेमा

## कार्तिक आर्यन ने खरीदी लग्जरी रेंज रोवर कार, कटोरी संग तस्वीर शेयर कर कहा- हमारी रेंज थोड़ी सी बढ़ गई



'भूल भुलैया 3' को लेकर इन दिनों खबरों में छाए कार्तिक आर्यन की लग्जरी गाड़ियों की लिस्ट में एक और कार शामिल हो गई है। कार्तिक ने फिर एक नई एसयूवी (SUV) कार खरीद डाली है जिसकी कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। बता दें कि कार्तिक को लग्जरी और उम्दा गाड़ियों का जबरदस्त शौक है और इस बार उन्होंने अपनी ड्रीम कार खरीद ली है। उनकी इस नई एसयूवी कार 'रेंज रोवर' के साथ कुछ वीडियो सामने आए हैं। इन झलकियों में कार्तिक अपनी नई कार के सामने नारियल फोड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं कार्तिक ने ये खुशखबरी फैन्स से खुद सोशल मीडिया पर शेयर की है। कार्तिक ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें वह अपनी इस नई कार की डिक्की में अपने प्यारे कटोरी के साथ आराम फरमाते दिख रहे हैं। कार्तिक ने इस ये तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा है- हमारी रेंज थोड़ी सी बढ़ गई। उनके इस पोस्ट पर लोगों ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां दी हैं। कबीर खान ने कहा है- ग्रेट चॉइस चंदू। वहीं कुछ लोगों ने कार्तिक आर्यन के साथ उसके पेट डॉग कटोरी के लिए भी मैसेज लिखा है।

# संपादकीय

## हैरान करने वाली चुप्पी

रूस की यूक्रेन से नाराजगी इस बात को लेकर है कि उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली। जब तक यूक्रेन उससे अलग नहीं होता, तब तक रूस उससे किसी भी प्रकार की बातचीत को तैयार नहीं है। वह यूक्रेन को काफी नुकसान पहुंचा और उसके कई इलाकों पर कब्जा कर चुका है। वह चाहता है कि यूक्रेन उसके सामने समर्पण कर दे। यूक्रेन के साथ संघर्ष को लेकर रूस का रवैया अब भी बहुत बदला नहीं है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने फिर से दोहराया है कि अगर देश की संप्रभुता या स्वतंत्रता को कोई खतरा पैदा होगा, तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। परमाणु हमले की धौंस वे पहले भी दे चुके हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले को दो वर्ष से अधिक समय हो गया। इस बीच कई देशों ने युद्ध विराम के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश की, मगर उसमें कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। अब भी रूस किसी न किसी बहाने यूक्रेन पर हमले करता रहता है। इस युद्ध की वजह से अब तक यूक्रेन के करीब दस लाख नागरिक अपने देश में ही बंदी बन कर रह गए हैं और करीब इतने ही लोग विस्थापित हो चुके हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला बाधित है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद शुरू में जिस तरह विश्व शक्तियों का ध्रुवीकरण होने लगा था, उससे लगा था कि यह विश्वयुद्ध का कारण बन सकता है, मगर वह खतरा टल गया। मगर यूक्रेन झुकने को तैयार नहीं। इसलिए यह संघर्ष अब रूस के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुका है। परमाणु हमले की धौंस भी पुतिन ने इसी जुनून में दी है। जिस तरह रूस कई बार गढ़े हुए बहाने बना कर और अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का उल्लंघन करते हुए यूक्रेन पर हमले कर चुका है, उसे देखते हुए पुतिन के बयान को बहुत हल्के में लेना भी ठीक नहीं। मगर आज की स्थिति में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल दुनिया में कैसी तबाही ला सकता है, कल्पना से परे है। इस पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों की चुप्पी हैरान करती है।

### अर्ज़ किया है..!

*उस से मिलना और बिछड़ना*
*देर तक फिर सोचना*
*कितनी दुश्वारी के साथ आए*
*थे आसानी में हम*

*- अहमद महफ़ूज़*

॥ॐ॥
MORARI BAPU


सत्य-प्रेम-करुणा...

**मैं सुधारने नहीं आपका हाथ पकड़ने आया हूं... मेरा मिशन सुधारना नहीं है, मेरा काम हैं आपको स्वीकारना..**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# प्राचीन भारत की विदुषी स्त्रियां, जिनके ज्ञान ने उन्हें बनाया महान



**भारत में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तरह-तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्त्री शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। हालांकि ये प्रयास आज का नहीं, दशकों से बहुत सी स्त्रियों को पढ़ने और स्कूल जाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सवाल है कि क्या स्त्री शिक्षा दशकों पुरानी समस्या है या पौराणिक काल में स्त्रियों को दीक्षा दी जाती थी?**

प्राचीन भारत में पुरुषों को तो दीक्षा के लिए गुरुकुल भेजा जाता था लेकिन प्राचीन ग्रंथों में पौराणिक काल की कई विदुषी स्त्रियों का ज़िक्र मिलता है, जिनके ज्ञान के आगे बड़े-बड़े विद्वान भी नतमस्तक हो गए। इस लेख में प्राचीन काल की ज्ञानवान स्त्रियों के बारे में बताया जा रहा है।

### विदुषी गार्गी

पौराणिक काल की विदुषी स्त्रियों का नाम आने पर सबसे पहले विदुषी गार्गी को स्मरण किया जाता है। विदुषी गार्गी का वेदों की रचना में महत्वपूर्ण योगदान था। गार्गी गर्गवंश में वचक्नु नामक महर्षि की पुत्री थीं, उनका पूरा नाम 'वाचकन्वी गार्गी' है। रामायण काल में राजा जनक के दरबार में शास्त्रार्थ का आयोजन हुआ, जिसमें ऋषि याज्ञवल्क्य और गार्गी के बीच प्रश्न-उत्तर किये गए। इन्हीं प्रश्नोंत्तर पर 'बृहदारण्यक उपनिषद' का निर्माण हुआ।

### माता सीता

गोस्वामी तुलसी दास की रामचरित मानस के मुख्य पात्र श्री राम की पत्नी जानकी यानी देवी सीता केवल अपने पतिव्रता होने के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान के लिए भी प्रसिद्ध हैं। माता सीता की गुरु विदुषी गार्गी थीं, जिनसे उन्हें वेद पुराणों का ज्ञान मिला। बचपन में शिव धनुष उठाने वाली सीता केवल वीर ही नहीं अपितु विद्वान भी थीं।

### विदुषी मैत्रेयी

प्राचीन भारत की सबसे ज्ञानी स्त्रियों में विदुषी मैत्रेयी का भी नाम शामिल है। उन्हे पिता मित्र ऋषि थे, वहीं राजा जनक के महल में विदुषी गार्गी से शास्त्रार्थ करने वाले महर्षि याज्ञवल्क्य की दूसरी पत्नी भी थीं। बता दें महर्षि याज्ञवल्क्य पहली पत्नी भारद्वाज ऋषि की पुत्री कात्यायनी थीं। विदुषी मैत्रेयी शांत स्वभाव की स्त्री थीं, जिन्हें अध्ययन, चिंतन और शास्त्रार्थ में रुचि थी। जब ऋषि याज्ञवल्क्य ने गृहस्थ आश्रम छोड़कर वन में जाने का फैसला किया तो मैत्रेयी ने आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए पति संग जाने का फैसला लिया था।

### द्रौपदी

महाभारत में पांचाल देश के राजा द्रुपद की पुत्री द्रौपदी बहुत ज्ञानवान महिला थीं। वह जितनी सुंदर थीं, उतनी ही बुद्धिमान भी थीं। जब भी पांडव किसी फैसले को लेकर चिंतित होते या संकोच करते तो हमेशा द्रौपदी उन्हें सलाह देतीं।

## Highlights

1. **Ngidi to miss IPL 2024, DC name Jake Fraser-McGurk as replacement**
2. **TMC receives ₹1,610 cr through electoral bonds, leaves Congress behind**
3. **Ex-CM Yediyurappa charged under POCSO for minor's sexual assault**
4. **What Are Petrol and Diesel Rates in Bengaluru?**
5. **US raises concerns over CAA, monitors implementation**
6. **Supreme Court Halts Class V, VIII, and IX Exams**

# Income tax : Advance tax last instalment deadline ends today

**NEW DEIHI, (Agency).** Advance Income tax: Today (March 15) is the due date to pay advance tax. Advance tax refers to income tax amount that is required to be paid in installments according to specified due dates instead of paying it in a single lump sum. Individuals and businesses should pay income tax in advance through periodic installments.

June 15: Pay 15% of the advance tax.

September 15: Pay 45% of the advance tax, subtracting already paid.

December 15: Pay 75% of the advance tax, subtracting already paid.

March 15: Pay remaining balance of the advance tax, subtracting already paid.

Advance Income tax: What happens if taxpayers fail to pay advance tax?

Failure to pay advance tax on time can lead to interest charges as per sections 234B and 234C of the Income Tax Act, 1961.




Advance Income tax: How to pay advance tax online

Visit income tax website.

Select 'e-pay tax' and then enter your PAN and password.

After this, choose your preferred payment method and complete the payment by clicking the "Pay Now" button.

Once this is completed, you'll receive a receipt as confirmation of your payment.

Advance Income tax: What Income Tax department said

Income Tax department found errors in securities market data from a reporting entity's financial transactions statement and said, "Based on feedback from taxpayers on the e-campaign for Advance Tax, the Department has identified certain inconsistencies in the data of the securities market (SFT-17) provided by one of the Reporting Entities.

# LTTS bags ₹800 cr project from Maha govt to set up digital threat analytics centre

**NEW DEIHI, (Agency).** The engineering services arm of infra major L&T has teamed up with KPMG Assurance and Consulting Services LLP as a forensics partner to provide advanced cyber security solutions for the state, enhancing public safety against cyber threats, according to a statement.

The company said the contract is a first-of-its-kind programme in India, and a part of its initiative to develop digitally interconnected smart and safe cities through cyber security and digital forensic solutions consolidated under one umbrella.

It said the project entails designing a sophisticated cybersecurity system and establishing a cyber security and cybercrime prevention centre to address cybercrime incidents and investigations by leveraging AI and digital forensic tools.

"It's an opportunity to leverage our experience in setting up over 25 command centres and recognising the growing criticality of cybersecurity and the need to invest in advanced digital safeguard platforms and tools for the benefit of the larger society," the company's chief executive officer and managing director Amit Chadha said.

He added that the deal will set the stage for LTTS to scale its offerings for its global clientele as well.

The deal also involves setting up a Digital Threat Analytics Centre paired with a Centre of Excellence that will equip the forensic team with tools for deepfake detection, mobile malware forensics, Internet of Things investigation, network forensics, it said.

# आशा कार्यकर्ता को धमकाकर लूटी अस्मत

## दो आरोपियों पर केस दर्ज

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **एक आशा कार्यकर्ता के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। आरोपी धार का रहने वाला है। डर और धमकी के चलते पहले तो आशा कार्यकर्ता चुप रही। लेकिन आरोपी इंदौर में अपने दोस्त के साथ मिलकर वारदात करने के बाद पीड़िता का पीछा भी करने लगा। इसके बाद पीड़िता ने हिम्मत कर केस दर्ज कराया।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक घटना 15 दिन पुरानी है। आरोपी गजेंद्र कटारे और सखाराम भील के खिलाफ रेप और धमकाने के मामले में केस दर्ज कर हिरासत में लिया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह आशा कार्यकर्ता के पद पर काम करती है। उसके दो बच्चे हैं। उसकी बहन चंदन नगर इलाके में रहती है। जिसकी चार माह की बेटी है। पिछले दिनों उसकी तबीयत ठीक नही थी तो मैं उसे देखने वहां गई थी। 27 फरवरी की दोपहर 2 बजे के लगभग वह बहन से बात कर रही थी। इस दौरान बहन ने मुझे कहा कि वह नजदीक की दुकान पर दूध लेने जा रही है। बेटी का ध्यान रखे। तब धार के भीकनखेड़ा में रहने वाला गजेंद्र कटारे और सखाराम भील वहां आए। दोनों जबरदस्ती घर में घुस गए। सखाराम ने बाहर से कमरे दरवाजा बंद कर दिया। गजेंद्र ने चिल्लाने पर उसका मुंह दबा दिया और जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद आरोपी ने धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और जबरदस्ती करने लगा। मैं काफी डर गई। इसके बाद बाहर दरवाजा खोलने की आवाज आई। मेरी बहन अंदर आई तब मैं जमीन पर पड़ी रो रही थी। गजेंद्र ने मुझे और मेरी बहन को धमकी दी कि यह बात किसी को बताई तो दोनों बच्चो सहित मार देगा। इसके बाद बहन को धक्का देकर भाग गया। मुझे नीचे गिरने से हाथ-पैर में चोट के निशान आ गए। मैंने बहन को पूरी घटना बताई। दीदी और मैं इस घटना से काफी डर गए। धमकी के चलते यह बात किसी को नहीं बताई।

पीड़िता ने बताया कि 9 मार्च के दिन वह ड्यूटी करके स्कूटी से अपने घर जा रही थी। तब धार रोड़ पर गजेंद्र और सखाराम फिर पीछे पड़ गए। कमेंट करने लगे। इस हरकत से काफी डर गई। बाद में बहन को मामले की जानकारी दी। 12 मार्च को पति को पूरी बात बताई। उन्होंने पुलिस कार्रवाई करने की बात कही। बाद में बहन को साथ लेकर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत करने पहुंची।

# दिनदहाड़े सोने-चांदी के जेवरात ले भागे, आरोपी पकड़ाए

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **एक घर में बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश कारपेंटर बनकर महिला के घर पहुंचे और मौका पाकर उन्होंने घर में रखे सोने चांदी के जेवरात उड़ाए और फरार हो गए। पुलिस ने चंद घंटो के भीतर ही वारदात को अंजाम देने वाले सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।**

जूनी इंदौर पुलिस ने बताया कि घटना गुरूनानक नगर में रहने वाली प्रवीण कौर के यंहा हुई। तीन से चार बदमाश उनके घर पर कारपेंटर बनकर काम करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कुछ देर काम किया और फिर मौका पाकर घर में रखे सोने की अंगूठियां,चेन, सहित अन्य जेवरात निकाल लिए और मौका पाकर सभी फरार हो गए। जब पीड़िता ने कमरे में जाकर जेवरात देखे तो चोरी की घटना का पता चला। वे फौरन जूनी इंदौर थाने पहुंची और चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी करीब ढाई से तीन लाख रूपए के जेवरात लेकर फरार हुए हैं। एसीपी ने बताया कि चोरी का प्रकरण दर्ज करते ही पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घर पर कारपेंटर बनकर काम करने आने वाले बदमाशों की कुंडली खगाली और तुरंत एक टीम को उनकी धरपकड़ के लिए लगाया गया। पुलिस ने चंद घंटो के भीतर ही वारदात को अंजाम देने वाली सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

## घर से बाहर बुलाकर किया हमला

इंदौर। एक युवक को आरोप ने घर से बाहर बुलाया और चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। राजेंद्र नगर थाने में डिंपल कांबले की शिकायत पर आरोपी संजय सेंगर निवासी नालंदा परिसर के खिलाफ चाकूबाजी का केस दर्ज हुआ है। डिंपल का बेटा वत्सल एक लडकी से फोन पर बात करता था। इन दोनों के बीच दोस्ती थी। ये बात संजय को पता चली तो वह डिंपल के घर पहुंचा और वत्सल को बातचीत करने के बहाने घर से बुलाया। वह जैसे ही बाहर आया संजय ने उस पर चाकू से वारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डॉक्टर ने पड़ोसी को दी जान से मारने की धमकी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। एक डॉक्टर के घर के सामने कचरा दिखा तो उसने अपने पड़ोसी को गोली मारने की धमकी डे डाली। भंवरकुआं थाने में योगेश हार्डिया पिता संतोष हार्डिया निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग की शिकायत पर आरोपी डॉक्टर गोविंद कुमार गोयल निवासी विष्णुपुरी मेन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। डॉक्टर गोयल के घर के सामने कोई कचरा फेंक जाता है। डॉक्टर गोयल को लगा कि योगेश कचरा फेंक रहा है, इसी बात को लेकर उन्होंने आपत्ति ली। योगेश ने कहा कि वह कचरा नहीं फेंक रहा है तो डॉक्टर गोयल ने गालियां देते हुए धमकी दी कि यदि अब घर के सामने कचरा दिखा तो तुम्हें गोली से उड़ा दूंगा। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## इंदौर नगर निगम आयुक्त बने शिवम वर्मा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **इंदौर नगर निगम का नया निगमायुक्त शिवम वर्मा को बनाया गया है। इस संबंध में सचिवालय से आदेश भी जारी हो गए हैं। अब तक इंदौर नगर निगम में आयुक्त रहीं हर्षिका सिंह को मध्यप्रदेश कौशल विकास का संचालक बनाया गया है। दोनों अधिकारी जल्द चार्ज संभालेंगे।**

वर्तमान में शिवम वर्मा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल में अपर आयुक्त थे। अब उन्हें नगर पालिक निगम इंदौर का आयुक्त तथा मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कंपनी लिमिटेड इंदौर का अपर प्रबंध संचालक (अतिरिक्त प्रभार) सौंपा गया है। शिवम वर्मा (2013) बैट के आईएएस ऑफिसर हैं। वह श्योपुर में भी कलेक्टर रह चुके हैं। राज्य सरकार ने 37 आईएएस की अस्थाई रूप से नई पदस्थापना आदेश गुरुवार को जारी कर दिए हैं। इसमें बाबू सिंह को शहडोल कमिश्नर, सतेंद्र सिंह को गुना कलेक्टर और सुरेश कुमार को पन्ना कलेक्टर बनाया गया है। इनके अलावा शहडोल, सिंगरौली कलेक्टर की नई पदस्थापना की गई है।

# केट से पकड़ाया तेंदुआ, उपचार के लिए चिड़ियाघर भेजा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। आरआर कैट क्षेत्र में काफी दिनों से घूम रहे तेंदुए को शुक्रवार को पकड़ लिया गया है। जिसके बाद उसे उपचार के लिए चिडिय़ाघर लाया गया है। गौरतलब है कि आरआर कैट में तेंदुए के मूवमेंट को लेकर वन विभाग लंबे समय से सर्च ऑपरेशन चला रहा था। इसमें सीआईएसएफ के जवानों की भी मदद ली गई थी। बाद में परिसर के अलग-अलग स्थानों पर दो पिंजरे लगा दिए। पगमार्क के आधार पर परिसर में एक तेंदुआ होने की पुष्टि हुई थी। जंगल को खत्म कर शहर का तेजी से विकास किया जा रहा है। यह स्थिति देश के अधिकांश राज्यों में देखी जा सकती है। जहां विकास की वजह से जंगल का दायरा सिमटने लगा है। हालत यह है कि जंगल से सटकर कॉलोनियां और टाउनशिप काटी जा रही है। जानवरों के रहने की जगह कम होने से इनका रूख अब रहवासी इलाकों की तरफ होने लगा, क्योंकि जंगल में पानी और भोजन खत्म हो चुका है। यही वजह है कि सालभर में रहवासी इलाकों में तेंदुए का मूवमेंट देखा गया। जैसे महू सैन्य परिसर, इंफोसिस-टीसीएस, आइआइटी परिसर, सिल्वर स्प्रिंग सहित कई इलाकों में रहा।


# नेता प्रतिपक्ष ने 13 लाख की धांधली का लगाया आरोप

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने निगम में भाजपा परिषद के कार्यकाल में हुए एक काम को लेकर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि विधानसभा दो में बिना काम हुए निगम के अधिकारियों ने ठेकेदार को 13 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। उन्होंने बताया कि वार्ड 20 में खातीपुरा चौराहे का पास सामुदायिक भवन का निर्माण करने के लिए 10 लाख रुपए की राशि मंजूर की थी। निगम ने इसका निर्माण कराने के लिए टेंडर बुलवाए थे। फिर एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस काम का भी दिया गया। कंपनी ने वहां कोई काम नहीं किया गया है। निगम अधिकारियों ने अपनी फाइल में इस काम को पूरा होना बता दिया है। इस फाइल के आधार निगम द्वारा ठेकेदार से बिल प्राप्त कर 13 लाख रुपए का भुगतान भी कर दिया गया है। यह मामला भ्रष्टाचार का नहीं बल्कि घोटाला और गबन का है।

# महिला ने की अड़ीबाजी

**इंदौर**। अन्नपूर्णा पुलिस ने एक महिला के खिलाफ अड़ीबाजी का मुकदमा दर्ज किया है। एक युवती से वह पैसों की मांग कर रही थी। अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम सपना निवासी कैट रोड है। क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने पुलिस को बताया कि उसके और उसके पति के कुछ निजी फोटो आरोपी के पास है। उन्ही फोटो को वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार वसूली कर रही है, परेशान होकर पीडित ने पुलिस की शरण ली है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक